# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
# Guru Jambheshwar University, Moradabad
*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*

**Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com**

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2026 / 69 दिनांक : 14.01.2026

## कार्यालय ज्ञाप

माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में एन0ई0पी0 2020 से आच्छादित सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर / स्नातकोत्तर स्तर / सामान्य सेमेस्टर प्रणाली के अन्य पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु समय सारणी पूर्व में ही प्रसारित की गयी है जिसके अनुसार प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिनांक 16.01.2026 से 16.02.2026 तक प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:00 बजे से 11:00 बजे तक सम्पन्न होगी।

परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र परीक्षा पूर्व डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर पूर्वाह्न 08:30 बजे तक पहुँच जायें। परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात् सामान्यतः प्रवेश अनुमन्य न होगा। केन्द्राध्यक्ष द्वारा परीक्षार्थी की विशेष परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये पूर्वाह्न 09:15 बजे तक परीक्षा में प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है।

अतः महाविद्यालयों / परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्यो / केन्द्राध्यक्षों से अनुरोध है कि वे छात्रों को अपने स्तर से सूचित करते हुये निर्देशानुसार / नियमानुसार यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ।
3. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि वे परीक्षार्थियों को अपने स्तर से सूचित करते हुये निर्देशानुसार / नियमानुसार यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. सहायक कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
6. सम्पादक, प्रमुख समाचार पत्रों को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित / जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7. गार्ड फाईल।

14.01.26

परीक्षा नियंत्रक